## महत्वपूर्ण एवं खास

### सूने मकान से लाखों के जेवर तथा नगदी चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

**कवर्धा (आरएनएस)।** कबीरधाम पुलिस ने सूने मकान से सोने और चांदी जेवरात समेत लाखों की नगदी पार करने वाले गिरोह का पर्दाफ ाश किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से सोने व चांदी के जेवरात, नगदी 6 लाख रुपए समेत दो स्विफ्ट कार, दो स्कूटी और एक जब्त किया है। सभी चोर कवर्धा के रहने वाले हैं। बता दें कि शहर के पुराना कचहरी पारा अंतर्गत सिटी कोतवाली का है। जहां ठेकेदारी का काम करने वाले लक्की चन्द्रवंशी ने एक साल पहले अपने सूने मकान में 22 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात और नगदी 7 लाख 45 हजार रुपये की चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस एक साल से चोरों की तलाश कर रही थी लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। और आखिरकार एक साल बाद पुलिस को चोरो को पकडऩे में कामयाबी मिली। पुलिस चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं अभी भी कुछ आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिनकी पतासाजी की जा रही है।

### राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का हेलीपैड पर स्वागत

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन का बिलासपुर पहुंचने पर हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया गया। हरिचंदन यहां पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन विश्व विद्यालय के छठें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। हेलीपैड पर प्रमुख रूप से केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कुलपति वंशगोपाल सिंह, कुलपति एबीएन बाजपेई सहित विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धरमजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला और आईजी संजीव शुक्ला ,कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह ने स्वागत किया।

### खाद्य मंत्री ने बाघुल में नवीन ग्राम पंचायत भवन का शुभारंभ किया

**रायपुर (आरएनएस)।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकास खंड के ग्राम बाघुल में 18 लाख 63 हजार की लागत से नवीन ग्राम पंचायत भवन का शुभारंभ किया। खाद्य मंत्री बघेल ने शुभारंभ अवसर पर सभी को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पंचायत को मजबूत करने के लिए बाघुल गांव को नया पंचायत भवन दिया गया है। इसका उपयोग गांव के सरपंच, पंच और आम लोग बैठक, प्रशिक्षण देने के लिए कर सकेंगे। इस अवसर पर सरपंच बाघुल श्रीमती उर्वशी अर्जुन सिंग लसेल, मीना रामनाथ, टार्जन साहू, चंद्रपाल साहू, अजय साहू, परस वर्मा, खोरबाहरा साहू और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### फरार सटोरिये अर्पित अग्रवाल गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** फरार चल रहे सटोरिये अर्पित अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रजगामार में घर मे छापा से पहले फरार हुए आरोपित को पकडऩे मुखबिर का जाल बिछाया था। आखिरकार आज उसके घर रजगामार से पुलिस ने धर दबोचा है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं कोरबा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियोंए थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल को सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलनेध्खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में चौकी रजगामार थाना बालको के अपराध क्रमांक 338ध्24 धारा छण्गण् जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 एवं 66 ;सीद्ध आईण्टीण् एक्ट के प्रकरण में सायबर सेल तथा चौकी रजगामार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सूचना मिली कि रजगामार निवासी अर्पित अग्रवाल नामक व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा अपने साथियों के जरिए खिला रहे थे।

# मन लगाकर करें पढ़ाई, जरूर मिलेगी सफलता- सांसद राठिया

- बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर किया गया स्वागत
- धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संपन्न

**रायगढ़**





सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में आज धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मंगल भवन धरमजयगढ़ में किया गया। मौके पर उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। आशीर्वाद स्वरुप उन्होंने मिठाई व चॉकलेट खिलाकर कर नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक गणवेश व सरस्वती साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक लालजीत सिंह राठिया ने किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर साउंड सिस्टम, मोबाइल हियरिंग किट का वितरण किया गया। गत वर्ष के 10 वीं व 12 वीं प्रतिभावान बच्चों को सांसद व विधायक ने पुष्प गुच्छ एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

सांसद राधेश्याम राठिया ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं जीवन में आगे बढ़कर उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल प्राचार्य को शासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं को बच्चों तक शत-प्रतिशत पहुंचाने की बात कही। पालकों से भी उन्होंने निवेदन किया कि वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहे एवं उन्हें विद्यालय के सुखद वातावरण में भेजने हेतु प्रेरित करें। जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो।

विधायक लालजीत सिंह राठिया ने अपने उद्बोधन में मनुष्य जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को अंधे व्यक्ति के जीवन में प्रकाश पुंज की संज्ञा दी। उन्होंने सभी बच्चों को खूब पढऩे और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने हेतु कहा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी द्वारा शाला प्रवेश उत्सव एवं विकासखंड की शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतिवेदन वाचन किया गया।

इस अवसर पर पुनीत राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत, रमेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, टार्जन भारती उपाध्यक्ष, नगर पंचायत व मंडल अध्यक्ष गोकुल यादव, संजय गुप्ता, रामनाथ बैगा जिला पंचायत सदस्य, वीणा विश्वास जनपद पंचायत सदस्य, महेश चैनानी, विजय अग्रवाल, जगन्नाथ यादव, भरत लाल साहू, हरिचरण अग्रवाल, मुकेश हलधर, धनेश्वर भट्ट, जगमीत सिंह कोमल, गोविंद महंत, शशि पटेल, शिशुपाल गुप्ता, नंदलाल प्रजापति, मोती बेहरा, अनिल पांडेय, राजेश बेहरा, नवल राठिया, विकास केशरवानी, भारत साव, नटवर अग्रवाल, सुभाष मंडल, राशि बाई, एम.एल.मेहर, डिगेश पटेल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बी के डहरिया तहसीलदार, एस आर टण्डन सीईओ जनपद, अनिल कुमार पैंकरा प्राचार्य डाइट धरमजयगढ़, हकीम उल्लाह खान प्राचार्य सेजस, संकुल प्राचार्यए समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक विकासखंड धरमजयगढ़ रंजू प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

## बस्तर जिले में अवैध रूप से संचालित 8 क्लीनिकों पर प्रशासन ने जड़ा ताला

- दस क्लीनिक संचालकों को नोटिस
- झोलाछाप डॉक्टरों पर शिकंजा कसने का अभियान जारी

**जगदलपुर-रायपुर । आरएनएस**

बस्तर में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों एवं बिना पंजीयन क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई का अभियान जारी है। आकस्मिक जांच के दौरान अवैध रूप से संचालित 8 क्लीनिकों को जिला प्रशासन की टीम ने सील कर दिया है। बिना पंजीयन क्लीनिक का संचालन करने वाले 10 क्लीनिक संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई बस्तर जिले में झोलाछाप डॉक्टरों अवैधानिक तरीके से क्लीनिक का संचालन तथा गांव-गांव घूमकर मरीजों का इलाज करने के संबंध में मिल रही शिकायतों को देखते हुए की जा रही है। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम जिला मुख्यालय से लेकर विकासखण्ड मुख्यालयों एवं गांवों में संचालित दवाखानों, डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर्स में लगातार दबिश देकर उनकी वैधानिकता की जांच-पड़ताल कर रही है।

नर्सिंग होम एक्ट जगदलपुर के नोडल अधिकारी डॉ. टी.एस. नाग, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी नानगुर जयंतीलाल दरियो, नायब तहसीलदार अंकुर रात्रे, पुलिस थाना नगरनार की संयुक्त टीम ने ओम साहू की लिखित शिकायत के आधार पर नगरनार स्थित चन्द्रप्रकाश रजक के क्लीनिक की जांच-पड़ताल के लिए औचक रूप से पहुंची। इस दौरान क्लीनिक बंद पाया गया। अधिकारियों की टीम ने शिवम मेडिकल तथा नगरनार में ही शिवा मेडिकल एवं जनरल स्टोर जांच-पड़ताल की। उक्त दोनों मेडिकल स्टोर में चिकित्सा परामर्श संबंधी बोर्ड एवं चिकित्सकीय उपकरण नहीं पाया गया। मेडिकल स्टोर संचालन के लिए संचालक ने लाइसेंस प्राप्त किया है। इसके पश्चात अधिकारियों की टीम समृद्धि मेडिकल स्टोर पहुंची, जो बंद मिला। अधिकारियों की टीम ने इसके बाद मारकेल, सेमरा, कलचा, मगडु, कचोरा गांव का भी दौरा कर झोलाछाप डॉक्टरों के बारे में लोगों से पूछताछ की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बस्तर के अनुसार नर्सिंग होम एक्ट के तहत अवैध दवाखानों एवं अपंजीकृत चिकित्सकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला मुख्यालय जगदलपुर स्थित आशा क्लीनिक, जगन्नाथ क्लीनिक, दुर्गा क्लीनिक, एपेक्स डेंटल क्लीनिक, डॉ. के.के. राय, नेहा डेंटल क्लीनिक तथा मेडिकेयर पैथालाजी लैब के संचालकों तथा लोहाण्डीगुडा ब्लॉक अंतर्गत साहू मेडिकल स्टोर के संचालक घनाराम साहू, डॉ. हरीश मरकाम, तोकापाल ब्लॉक अंतर्गत ए.के. विश्वास सडक़ पारा को नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन न होने के कारण नोटिस जारी किया गया है।

जगदलपुर में संचालित सागर दवाखाना को जिला प्रशासन ने बिना योग्यता के क्लीनिक का संचालन करने के मामले में सील बंद कर दिया गया है। इसी तरह बिना चिकित्सकीय योग्यता के बकावण्ड में क्लीनिक का संचालन करने वाले चन्द्रशेखर मौर्य, नानगुर में संदीपदास, लोहाण्डीगुडा में डॉक्टर पिताम्बर साहू, बकावण्ड के ग्राम सतोषा करपावंड में संचालित मंडल प्रायमरी हेल्थ केयर सेंटर, तोकापाल में दीनानाथ तिवारी, दरभा ब्लॉक के चिंगपाल में गिरीश कुमार कश्यप, बस्तर में लिजा मेडिकल स्टोर्स को सील कर दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ आंदोलन : छत्तीसगढ़ में 8 जुलाई को कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

**रायपुर । आरएनएस**

प्रदेश में बिजली की कीमत और कटौती को लेकर कांग्रेस राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी। प्रदेश संगठन की तरफ से इस संबंध में राज्य के सभी ब्लॉक और जिलाध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृध्दी की गयी है तथा प्रदेशभर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आमजनता एवं किसान परेशान है। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 08 जुलाई 2024 (सोमवार) को प्रदेश के समस्त जिला, नगर/ब्लाक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना/प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया हैं।

धरना/प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढाये गये विद्युत दर को वापस लिये जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आमजनता सहित किसान भाईयों को राहत पहुंचाये जाने की मांग की जायेगी।

## घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

- घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**जशपुर । आरएनएस**

खाना बनाने के मामूली विवाद पर पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने वाले पति को थाना बागबाहरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामनाथ नाग निवासी काडरो पाकेरपारा ने दिनांक 5.07.2024 को थाना बागबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी बड़ी दीदी मृतिका उम्र 27 साल की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व रामकुमार नाग के साथ हुआ था। रामकुमार नाग आये दिन अपनी पत्नी से शराब पीकर विवाद, मारपीट एवं लड़ाई-झगड़ा करता था तथा घटना दिनांक 4.07.2024 को रामकुमार नाग हमेशा की तरह अपनी पत्नी से विवाद कर हाथ-मुक्का, डंडा इत्यादि से मारपीट कर हत्या कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बागबहार में उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर प्रकरण के संदेही रामकुमार नाग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, जिसने अपने बयान में बताया कि दिनांक 04.07.2024 के दोपहर में करीब 01 बजे अपनी पत्नी को खाना बनाने के लिये बोला तो उसकी पत्नी खाना बनाने से मना कर दी, तो यह आवेश में आकर अपनी पत्नी को हाथ-मुक्का व लकड़ी से सिर, चेहरा, पीठ एवं कमर में कई बार वारकर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त लकड़ी फ ारा को जप्त किया गया है। तथा आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## मानसून सत्र के लिए सवालों की बौछार : 5 दिनी सत्र के लिए विधायकों ने लगाए हैं प्रश्न

**रायपुर । आरएनएस**




छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान सदन की कुल 5 बैठके होंगी। सत्र के हंगामेदार होने की उम्मीद की जा रही है।

विधानसभा के मानसून सत्र के प्रश्नकाल में रोज औसतन 200 सावलों पूछे जाएंगे। ऐसा इस वजह से कहा जा रहा है, क्योंकि 5 दिनी सत्र के लिए सदस्यों ने अब तक करीब 966 प्रश्न लगाए हैं। प्रश्नकाल के दौरान पूछे जाने वाले सवालों की समय सीमा 3 जुलाई को समाप्त हो गई है। बता दें कि विधानसभा में प्रश्न की सूचना देने के लिए आन लाइन और आफ लाइन दोनों ही व्यवस्था लागू है। 22 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के सत्र के लिए प्रश्नों की सूचना देने की अंतिम तारीख 3 जुलाई तय की गई थी।

पहले दिन सीएम के साथ ये मंत्री करेंगे सवालों का सामना विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन प्रश्नकाल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सवालों का सामना करेंगे। सीएम के साथ ही वन मंत्री केदार कश्यप और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के विभागों से जुड़े प्रश्न भी पूछे जाएंगे। दूसरे दिन डिप्टी सीएम अरुण साव और मंत्री लखनलाल देवांगन प्रश्नकाल में सवालों का सामना करेंगे।

सरकार पेश करेगी अनुपूरक बजट मानसून सत्र के दौरान राज्य सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। यह चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट होगा। इसमें राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ ही सडक़ निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए बजट का प्रवधान किया जाएगा। वित्त विभाग इसकी तैयारी में लगा हुआ है। अनुपूरक बजट के हजार करोड़ रुपये से अधिक के होने का अनुमान है। हंगामेदार होगा सत्र विधानसभा के इस सत्र के हंगामेदार होने की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस बलौदाबाजार की घटना के साथ राज्य में बड़ते अपराध को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर सकती है। बिजली कटौती और बिजली की कीमतों को भी विपक्ष मुद्दा बना सकता है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल पहले ही कह चुके हैं कि विधानसभा सत्र के लिए हमारे पास बहुत मुद्दे हैं।

## 30 नग हीरा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद-रायपुर । आरएनएस**



गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा, अवैध शराब तस्करी अवैध गांजा तस्करी पर नकेल कसने हेतु निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, एसडीओपी गरियाबंद निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुरा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में असूचना तंत्र को सक्रिय किया था। जो आज दिनांक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि तीन संदिग्ध व्यक्ति दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में अपने पास बहुमूल्य हीरा रखकर ग्राम पटपरपाली से चरौदा की ओर निकले है। हीरा की अवैध रूप से परिवहन की सूचना तस्दीक पर समक्ष गवाहन एवं हमराज स्टाफ के घटना स्थल रवाना हुआ। जो ग्राम कंदागड़ी मोड़ पहुंच कर नाकाबंदी किया गया, कुछ देर के बाद मोटर साइकिल टीवीएस एवं मोटर साइकिल डीलक्स दो अलग अलग मोटर साइकिल में तीन व्यक्ति आ रहे थे, जिसे पुलिस द्वारा रोक कर पूछताछ करते हुए तीनों संदेही आरोपी का तलाशी लेने पर संदेही चंद्रशेखर ठाकुर के कब्जे से 30 नग छोटे-बड़े चमकीले बहुमूल्य खनिज पदार्थ हीरा मिला। जिसे समक्ष गवाहन की उपस्थित में कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 21(4) माइनिंग एक्ट का पाए जाने से थाना छुरा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरा उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, जयप्रकाश मिश्रा,गिरधारी लाल ध्रुव, कृष्ण यादव, लैनदास रत्नाकर, अखिलेश वैष्णव राजकुमार मरकाम के साथ साइबर टीम से ,रस्ढ्ढ मनीष वर्मा, अंगद राव,सतीश गिरी, देवेंद्र सोनवानी, गंगाधर सिन्हा, कृतेश प्रजापति का भूमिका सराहनी रहा। नाम आरोपी -(1) चंद्रशेखर ठाकुर पिता स्वर्गीय दिकसन ठाकुर उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम मोंगरा थाना छुरा, जिला गरियाबंद। (02) आनंद मरकाम पिता स्वर्गीय दलसाय मरकाम उम्र 35 वर्ष निवासी बड़े घोटपानी थाना छुरा जिला गरियाबंद।

## उत्कृष्ट कार्य के वाले 12 पुलिस के अधिकारी कर्मचारी बने कांप आफ द मंथ

**रायपुर । आरएनएस**

रायपुर। रायपुर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने पर बारह पुलिस अधिकारी कर्मचारी को मई माह 2024 के लिए कॉप आफ द मंथ चुना गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति माह कॉप आफ द मंथ' पुरस्कार देने की शुरुआत की गई है।

कॉप आफ द मंथ सम्मान से रायपुर पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा को लगन व जिम्मेदारी से कार्य करने और बेहतर बल प्रबंधन के लिए, निरीक्षक दुर्गेश रावटे थाना प्रभारी टिकरापारा निजात के तहत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम व प्रभावी कार्रवाई करने, एसआई यूएन शांत थाना अभनपुर को अवैध शराब जब्ती, आरक्षक धनेश रात्रे को थाना क्षेत्र में चार पहिया वाहन में परिवहन करते गांजा बरामद करने, सउनि सोबवंत सिंह रावत कार्यालय सीएसपी कोतवाली को सौपे गए कार्यो का उत्कृष्ट तरीके से निर्वहन करने, आर. भूपेंद्र कुमार मिश्रा एसीसीयू को थाना टिकरापारा क्षेत्र में हुए चोरी में आरोपित को पकडऩे व 12 लाख मशरुका बरामदगी करने के कार्य के लिए, प्रआर रविकांत पांडे एसीसीयू को थाना देवेंद्र नगर क्षेत्र में हुए चोरी में आरोपित को पकडऩे व रुपये 30 लाख मशरुका बरामदगी करने के कार्य के लिए, सउनि अतुलेश राय व आर. अरुण कुमार ध्रुव थाना टिकरापारा को कमल विहार क्षेत्र में महिला का शव मिलने पर अज्ञात आरोपितों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तार करने पर, आर. सुरेंद्र सिंह थाना खरोरा को चोरी के दो प्रकरणों में आरोपित को पकडऩे व मशरुका बरामदगी करने, आर. प्रमोद चंदेल थाना न्यू राजेंद्र नगर को चोरी के आरोपित को पकडऩे, आर. राजिक एसीसीयू को एमडी ड्रग्स के सिंडिकेट पर कार्रवाई करने के सराहनीय कार्य के लिए एसपी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्य कार्यालयीन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रोत्साहित करने थाने में लगेगा फोटो-** चुने गए कर्मचारियों को नकद ईनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र के साथ ही उनका फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और जिले के सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए लगा रहेगा। इससे दूसरे पुलिसकर्मी भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जनता से अच्छा व्यवहार जिम्मेदारी एवम निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हमेशा सम्मानित किया जाएगा। वहीं अवैध काम में लिप्त व अनुशासनहीनता व पदीय कर्तव्य निर्वहन में लापरवाहीपूर्ण आचरण करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**लापरवाही करने वालों को लाइन अटैच-** इसके साथ ही कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने और अशोभनीय आचरण पर तीन आरक्षकों को सस्पेंड कर लाइन अटैच किया गया। रक्षित केंद्र रायपुर से मुल्जिम पेशी कराने गए आर. विकास अग्रवाल एवं आर. शिवानंद साहू को उनकी अभिरक्षा से आरोपित फरार होने पर निलंबित कर जांच आदेशित किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU